# कवर प्राप्त करें:

## Health Insurance Marketplace (हेल्थ इंश्योरेंस मार्केटप्लेस) के बारे में जानने योग्य बातें

- **यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, तो Health Insurance Marketplace® आपकी आवश्यकताओं और बजट के अनुकूल कवरेज ढूंढने में आपकी सहायता कर सकता है। जब आप मार्केटप्लेस का आवेदन भरेंगे, तो हम आपको बताएंगे कि क्या आप निम्नलिखित के लिए योग्य हैं:**
  - **निजी बीमा प्लान।** आप अपने घर के आकार और आय के आधार पर बचत के लिए योग्य हो सकते हैं। यदि आप बचत के लिए योग्य नहीं हैं, तो भी आप मार्केटप्लेस कवरेज खरीद सकते हैं। प्लान में आवश्यक स्वास्थ्य लाभ, पहले से मौजूद शर्तें और निवारक देखभाल शामिल हैं। आप आमतौर पर वार्षिक ओपन एनरोलमेंट अवधि के दौरान इनमें से केवल एक प्लान में नामांकन कर सकते हैं, जब तक कि आप जीवन की किसी घटना (जैसे अन्य कवरेज को खोना, शादी करना, स्थानांतरित होना या बच्चा होना) के कारण विशेष नामांकन अवधि के लिए योग्य नहीं होते हैं।
  - **मेडिकेड या बाल स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (CHIP)।** ये कार्यक्रम सीमित आय, विकलांग और अन्य परिस्थितियों वाले लोगों को कवर करते हैं। यदि ऐसा लगता है कि आप योग्य हैं, तो हम आपकी जानकारी आपकी राज्य एजेंसी को भेज देंगे, और वे आपसे संपर्क करेंगे। आप किसी भी समय मेडिकेड और CHIP के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- **मार्केटप्लेस कवरेज के लिए आवेदन करने के तरीके के बारे में और जानने के लिए HealthCare.gov पर जाएं।** कुछ राज्य अपने स्वयं के मार्केटप्लेस का संचालन करते हैं। अन्य राज्यों में, मार्केटप्लेस संघीय सरकार द्वारा चलाया जाता है। आप चाहे कहीं भी रहते हैं, आप यहां देख सकते हैं कि आपको आगे क्या-क्या करना है HealthCare.gov।
- **यदि आप नौकरी-आधारित बीमा के योग्य हैं, तो आप मार्केटप्लेस प्लान पर स्विच करने पर विचार कर सकते हैं।** लेकिन आप एक ही समय में बचत के साथ नौकरी-आधारित प्लान और मार्केटप्लेस प्लान में नामांकित नहीं हो सकते हैं। यदि आप नौकरी-आधारित प्लान में नामांकित नहीं हैं लेकिन आपका नियोक्ता आपको ऐसा एक प्लान देता है, तो आप तब तक अपनी आय के आधार पर बचत के लिए योग्य नहीं होंगे, जब तक कि नौकरी-आधारित प्लान किफायती न हो या न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा न करे।
- **यदि आप कुछ खास जीवन की घटनाओं का अनुभव करते हैं (जैसे किसी नए राज्य में स्थानांतरित होना, शादी करना, बच्चे होना, या स्वास्थ्य कवरेज खोना), तो आप एक विशेष नामांकन अवधि के लिए ओपन एनरोलमेंट के बाहर अपने मार्केटप्लेस प्लान में नामांकन करने या बदलने के लिए योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।** आप किसी भी समय मेडिकेड और CHIP के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटप्लेस आपको उन घटनाओं की पुष्टि करने के लिए दस्तावेज जमा करने को कह सकता है जो आपको योग्य बनाती हैं। अपने कवरेज का उपयोग शुरू करने से पहले आपको दस्तावेजों की प्रतियां भेजनी होंगी।

आपके पास ऐक्सेस करने योग्य फॉर्मेट में मार्केटप्लेस सूचना प्राप्त करने का अधिकार है, जैसे बड़े अक्षर, ब्रेल, या ऑडियो। आपके पास उस स्थिति में शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है, यदि आप ऐसा महसूस करते हैं कि आपके विरुद्ध भेदभाव किया गया है। अधिक जानकारी के लिए **CMS.gov/about-cms/agency-information/aboutwebsite/cmsnondiscriminationnotice.html**, पर जाएं या मार्केटप्लेस कॉल सेन्टर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY प्रयोक्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

**Health Insurance Marketplace**

CMS Product No. 11749-HI (Hindi)
Revised July 2021

यह उत्पाद अमेरिकी करदाताओं के खर्च पर तैयार किया गया था।

Health Insurance Marketplace® मेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग का एक पंजीकृत सेवा चिह्न है।

DEPARTMENT OF HEALTH & HUMAN SERVICES · USA

HealthCare.gov